
# निगम से उम्मीद न बंधी तो सुखप्रीत बंसल ने लम्पी पीड़ित गायों के लिए खुद बनवाया क्वारंटीन सेंटर

## सिरसी रोड पर गजानंद विहार में बने इस सेंटर में लम्पी से ग्रसित गायों का उपचार कर रहे हैं 4 डॉक्टर और 25 लोग

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। लम्पी वायरस से गौवंश की लगातार मृत्यु होने से गौपालकों से लेकर आमजन और पार्षद तक परेशान है। राजधानी जयपुर में जहां एक तरफ भाजपा-कांग्रेस के पार्षद बीमार गौवंश के उपचार और मृत गायों के शव न उठने के कारण परेशान हो रहे हैं, ऐसे बुरे हालातों में ग्रेटर निगम के विद्युत समिति की चेयरमैन सुखप्रीत बंसल ने निजी खर्चे से लम्पी पीड़ित गौवंश के लिए क्वारंटीन सेंटर शुरू कर बेहतरीन उदाहरण पेश किया है।

- **इस सेंटर पर गौवंश को आयुर्वेदिक काढ़ा और औषधीय लड्डू बनाकर भी खिला रहे हैं स्थानीय लोग**
- **'गौवंश बचाओ' मुहिम में सुखप्रीत बंसल के साथ जुड़े करीब एक दर्जन से ज्यादा पार्षद**





**विद्युत चेयरमैन सुखप्रीत बंसल द्वारा सिरसी रोड पर गजानंद विहार में बनाए गए क्वारंटीन सेंटर में लम्पी वायरस से ग्रसित गायों का उपचार कर रही टीम।**

वार्ड 51 में सिरसी रोड पर स्थित गजानंद विहार में बनाए गए इस क्वारंटीन सेंटर में सिरसी रोड, धाबास रोड और कालवाड़ रोड समेत आसपास के वार्डों से लम्पी पीड़ित गायों को लाया जा रहा है। जहां चेयरमैन सुखप्रीत बंसल और उनकी टीम बीमार गौवंश को आयुर्वेदिक काढ़ा और औषधीय लड्डू खिला रहे हैं। 4 डॉक्टर्स लम्पी पीड़ित गायों को सैनेटाइज़ करके उन्हें दवा देकर उपचार कर रहे हैं। वार्ड 51 के करीब 20-25 लोग और आसपास के वार्डों के पार्षद सुरेश रैगर, मदनलाल शर्मा, पीयूष किराडू, आशीष शर्मा, शक्ति सिंह मानपुरा, अक्षत खुंटेटा, गजेन्द्र चिराणा, निशांत सुरोलिया और रामरतन जाट व उनकी टीम भी गौसेवा के इस जज्बे को देखकर मदद में जुटी है।

सुखप्रीत बंसल ने कहा कि पार्षदों की शिकायत के बावजूद नगर निगम से पशु प्रबंधन की टीमें लम्पी ग्रसित गायों के उपचार और मृत गौवंश को उठाने के लिए नहीं पहुंच रही। करोना महामारी से जैसे मानव जीवन संकट में आया था, आज वैसा ही बुरा वक्त गौवंश के लिए है। राज्य सरकार और मुख्यमंत्री को तो अपनी सरकार बचाने से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में लम्पी वायरस से गौमाता की रक्षा के लिए आमजन को खुद ही आगे उतरना होगा।

उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में गौसेवा का बड़ा महत्व है, आज लम्पी रोग से गौमाता परेशान है तो हमें उनके उपचार के लिए खुद आगे आना होगा। सुखप्रीत बंसल ने कहा कि राजधानी जयपुर में बीमार गायों को हिंगौनिया गौशाला भेजने का सिस्टम बना हुआ है, लेकिन अधिकांश पशुपालक अपनी गायों को नहीं भेजना चाहते। लम्पी वायरस से पीड़ित गौवंश के उपचार के लिए हमने सिरसी रोड स्थित गजानंद विहार में यह क्वारंटीन सेंटर खोला है, यहां आमजन भी अपनी गायों को लाकर निःशुल्क उपचार करवा सकता है।

# बैंकिंग में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने का सुझाव दिया




**पंजाब नेशनल बैंक के अंचल कार्यालय जयपुर परिसर में बुधवार को हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया।**

**जयपुर**। हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक अंचल कार्यालय जयपुर परिसर में हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख आर के वाजपेयी एवं उप अंचल प्रमुख एन आर बंजारा ने दीप प्रज्वलन कर हिंदी पखवाडे का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अंचल कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। अंचल राजभाषा अधिकारी दिशा कुमारी एवं राजभाषा उप प्रबंधक ममता मीना ने सभी को हिंदी दिवस पर शुभकामनाएं दी एवं गृहमंत्री का संदेश सभी को बताया तथा बैंकिंग में किस प्रकार हिंदी का प्रसार बढ़ा सकें इस हेतु अंचल प्रमुख द्वारा सुझाव दिए गए। अंचल प्रमुख आर के बाजपेयी ने हर्ष पूर्वक कहा कि राजस्थान के क्षेत्र में आता है और हम अखिल भारतीय स्तर पर कई वर्षों से प्रथम पुरस्कार प्राप्त करते आ रहे हैं इस हेतु उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को हिंदी में कार्य के लिए बधाई दी एवं अग्रिम शुभकामनाएं दी तथा उप अंचल प्रमुख एन आर बंजारा ने हिंदी की महत्ता बताते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लो-फ्लोर बस के ब्रेक फेल

**जयपुर**। जेसीटीएसएल (जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड) की लो-फ्लोर बस के बुधवार को ब्रेक फेल हो गए। यह बस खिरणी फाटक जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित बस एक मॉल की रैलिंग तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार लो फ्लोर बस ट्रांसपोर्ट नगर से खिरणी फाटक जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बस के ब्रेक फेल हो गए। चालक ने बस को नियंत्रण करने की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहा। बस की गति तेज हो गई। जिससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। वहीं चालक ने बस को लालकोठी स्थित मॉल की तरफ रोकने का प्रयास किया। इस दौरान अनियंत्रित बस मॉल के पास फुटपाथ और रैलिंग तोडते हुए एक खंभे से जा टकराई। खंभे से टकराने के बाद बस रूक सकी। जिससे मॉल में दुकानदारों और लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। बस में कुछ यात्रियों को मामूली चोट आई है। शहर में चल रही खटारा लो फ्लोर बस से आए दिन हादसे होते रहते है। इससे पहले भी कई बार लो-फ्लोर बस के ब्रेक फेल होने, आग लगने और बीच रास्ते में खराब होने की घटनाएं होती रही है।

# लीवर ट्रांसप्लांट कर मरीज की जान बचाई

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल अस्पताल में डॉक्टरों ने एक मरीज के लीवर ट्रांसप्लाट कर उसे नया जीवन दान दिया है।

- **चंढ़ीगढ़ से ब्रेनडेड डोनर का लीवर जयपुर के दुर्लभजी अस्पताल में अजमेर निवासी युवक के ट्रांसप्लांट किया**

डॉ. राजेश भोजवानी ने बताया कि अजमेर निवासी अजय लाल (43) का लीवर फेल होने पर लाया गया था। इसके अलावा उसे जटिल पीलिया और पेट के अंदर तरल पदार्थ भरने के कारण वह गंभीर रूप से फूल गया था। उसकी किडनी भी खराब हो रही थी। मरीज का क्रिएटिनिन 6.2 होने के साथ ही वह बहुत एनीमिक थे। आंत में एक अल्सर से खून बह रहा था। उनका हीमोग्लोबिन मात्र 4.5 ग्राम था।

डॉ. भोजवानी ने बताया कि दस दिनों तक उसका इलाज किया गया। मरीज की गंभीर स्थिति के बारे में परिजनों को बताया कि वह लीवर फेलियर से पीड़ित है। अब लीवर ट्रांसप्लांट ही एकमात्र विकल्प बचा है। मरीज की उनकी पत्नी एक स्वास्थ्य कर्मी हैं और उसने अपने लीवर का आधा हिस्सा पति को देने का निर्णय लिया। हालांकि मरीज को राज्य के केडेवर लीवर ट्रांसप्लांट कार्यक्रम में पंजीकृत किया गया था। जिस दिन उसकी पत्नी मनीषा की डोनर के रूप में फिटनेस जांचने के लिए जांच शुरू होनी थी। उसी दिन पीजीआई चंडीगढ़ से एक कॉल आया कि उनके पास मैचिंग ब्लड ग्रुप वाला ब्रेन डेड डोनर है। इस लीवर को उपयोग करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद यहां के डॉक्टरों की एक टीम चंडीगढ़ के लिए रवाना हुई। टीम डोनर का लीवर निकालने के बाद उसे लेकर चंडीगढ़ से जयपुर के लिए उड़ान भरी। इसके बाद अजय लाल का ऑपरेशन कर लीवर प्रत्यारोपित किया गया। ऑपरेशन के बाद अजय को दस दिन तक आईसीयू में रखा गया। इस दौरान धीरे-धीरे उसकी हालत में सुधार होने लगा। साथ ही लिवर की खराबी के कारण जो दूसरे अंग खराब थे वह भी ठीक होने लगे। ट्रांसप्लांट के 20वें दिन बाद मरीज को घर भेज दिया गया।

# युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**जयपुर** (कासं)। रामनगरिया इलाके के राजीव नगर में 24 वर्षीय एक युवक ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर मंगलवार देर रात को आत्महत्या कर ली। अपनी जान देने से पहले मृतक अनुष ने एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें लिखा है "मर्जी से जान दे रहा हूं, मुझे माफ करना...।

बेटे की मौत से बेखबर घर वालों को इस घटना का पता बुधवार सुबह चला, जब परिजनों ने बेटे के कमरे का दरवाज़ा खटखटाया। बेटे का जवाब नहीं मिलने पर परिजनों ने अनहोनी की आशंका में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी कोई रेस्पॉस नहीं मिलने पर पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। कमरे में देखा कि पंखे पर अनुष शर्मा नाम के युवक का शव लटका हुआ था। बेटे के शव को लटका देख घर में कोहराम मच गया। एफएसएल की टीम को बुलाया गया, जिन्होंने मौके से सबूत जुटाए हैं। मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में अनुष ने खुद की मर्जी से सुसाइड करना लिखा है। साथ ही परिवार से माफी मांगते हुए ढेर सारा प्यार लिखा। पुलिस के मुताबिक अनुष बेरोजगार था। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है।

# जलदाय कर्मचारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन



**जयपुर** (कासं)। प्रांतीय नल-मजदूर यूनियन इंटक के नेतृत्व में विद्याधर नगर अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर बुधवार को सैकड़ों कार्मिकों ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठन से अधिकारी की तीखी नोंकझोंक के बाद ज्ञापन दिया गया।

प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत और कार्यवाहक अध्यक्ष केदार शर्मा ने बताया कि जलदाय विभाग में तकनीकी कर्मचारियों की काफी समस्याएं लंबित चल रही है, इसे लेकर प्रदेश नेतृत्व पूरे जयपुर में 8 अधिशाषी अभियंता कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन देगा। अगर जल्द ही कर्मचारियों की समस्याओं का निदान नहीं किया गया तो संगठन पूरे प्रदेश के कर्मचारियों के साथ जल भवन मुख्य अभियंता कार्यालय पर महापड़ाव डालेंगे। विभाग में नई भर्ती, कर्मचारियों को ओवर टाइम की सुविधा देने, लीवरेज बढ़ोतरी और पम्प हाउसों पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने समेत 11 मांग प्रमुख है।

# शिक्षा निदेशक के पीए पर देहशोषण का आरोप

**जयपुर** (कासं)। शिक्षा विभाग में तैनात एक महिला निदेशक के पीए से इन कदर तंग आ गई कि उसने समय से पहले वीआरएस ले लिया। आरोप है कि निदेशक का पीए उसे ब्लैकमेल कर देहशोषण कर रहा था। जवाहर सर्किल थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थानाधिकारी राधा रमण गुप्ता ने बताया इलाके निवासी 47 वर्षीया महिला झालावाड़ में शिक्षा विभाग में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात थी। किसी परिचित के माध्यम से शिक्षा निदेशक के पीए विशम्भर दयाल के संपर्क में आई थी। आरोप है विशम्भर ने ट्रांसफर के नाम पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। बाद में जयपुर ट्रांसफर करवा दिया। वह लगातार ब्लैकमेल कर देहशोषण करने लगा। इससे तंग आकर पीड़िता ने स्वैच्छिक सेवानिवृति ले ली। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

# आईएएस अफसरों ने देखी शहर में व्यवस्थाएं



**जयपुर** (कासं)। जयपुर शहर में सफाई और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ कई व्यवस्थाएं देखने के लिए बुधवार को आधा दर्जन आईएएस अफसर एसी बस में बैठकर निकले।

उद्योग विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता के नेतृत्व यूडीएच प्रमुख सचिव कुंजीलाल मीणा, जेडीसी रवि जैन, आवासन आयुक्त पवन अरोडा, ग्रेटर निगम कमिश्नर महेंद्र सोनी, हैरिटेज निगम आयुक्त विश्राम मीणा समेत कई अफसर इनमें शामिल थे। विजिट के दौरान जेएलएन मार्ग की मीडियन के सौंदर्यीकरण करने, जेएलएन मार्ग पर बने हुए बस शेल्टर्स सौंदर्यीकरण करने, मालवीय नगर पुलिया की दीवार पर पेंटिग्स पुनः करवाने, जेएलएन मार्ग पर लाईट के पोल्स का मेंटीनेंस करने एवं रंग रोगन करने, जवाहर सर्किल पर लैण्डस्केपिंग दुरुस्त करने, जवाहर सर्किल से बालाजी मोड तक सड़क मीडियन का सौंदर्यीकरण और सड़क की दोनों ओर की दीवारों का रंग रोगन करने के निर्देश दिए गए। यह अफसर जेडीए मुख्यालय से रवाना होकर जेएलएन मार्ग, जवाहर सर्किल, एयरपोर्ट टर्मिनल-2, बालाजी मोड, जगतपुरा आरओबी, महल रोड, बॉम्बे हॉस्पिटल, जेईसीआरसी (सीतापुरा), टोंक रोड, अजमेरी गेट वाया टोंक रोड और रामनिवास गार्डन पहुंचे थे। माना जा रहा है कि 7 व 8 अक्टूबर को होने वाले इन्वेस्ट राजस्थान समिट को लेकर यह दौरा किया गया था।

# नाबालिग से ऑटो चालक द्वारा छेड़छाड़ का मामला झूठा निकला

**जयपुर**। राजधानी के माणक चौक में नाबालिग लड़की से ऑटो चालक द्वारा छेड़छाड़ का मामला झूठा पाया गया है। पुलिस जांच में पीड़िता से किसी भी तरह की छेड़छाड़ की पुष्टि नहीं हुई है।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात को मध्यप्रदेश की रहने वाली एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अपने साथ रिक्शा चालक द्वारा अश्लील हरकत करने की रिपोर्ट दी थी। उसने पुलिस का बताया कि 11 सितम्बर को हवामहल के सामने से रिक्शा चालक अपने साथ उसे कमरे पर ले गया और उससे अश्लील हरकत की। इस पर माणक चौक थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़िता को रात में बालिका गृह में दाखिल करवाया गया। सुबह उसका महिला अधिकारी से बयान लिवाए गये और घटना स्थलों का निरीक्षण किया। इस बीच उसके परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया।

पीड़िता के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान भी कराये गये। पुलिस ने बताया कि अब तक के अनुसंधान में सामने आया कि पीड़िता से किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है। वह शादी की बात से स्वयं के परिजनों से नाराज़ होकर घर से जयपुर आ गई थी। बालिका के पिता पुलिस की सूचना पर जयपुर आ चुके हैं। बालिका को फिलहाल सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किया गया हैं, जो उसकी कस्टडी पर निर्णय लेंगे। पुलिस ने बताया कि यह बालिका जुलाई में भी इसी प्रकार बिना बताए घर से जयपुर आ गई थी। इस संबंध में मध्यप्रदेश के कुदिला में मामला दर्ज है।

# विहिप के सत्संग में जुटे लोग

**जयपुर** (कासं)। विश्व हिन्दू परिषद् (विहिप) की ओर से 12 से 18 सितम्बर तक सत्संग सप्ताह मनाया जायेगा। रामगंज में सीतापुरी हीदा की मोरी स्थित हनुमान मंदिर में वरिष्ठ स्वयंसेवक बनवारीलाल मामोड़िया की अध्यक्षता में विहिप द्वारा संचालित सत्संग का अवलोकन प्रान्त विश्व हिंदू परिषद धर्मप्रसार एंव सत्संग प्रमुख सीएम भार्गव ने किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को संस्कारित करने का सर्वोत्तम माध्यम सत्संग है। यह मंदिरों की भूमि है, देवों की भूमि है, सत्संग की भूमि है। सत्संग ही समाज में सकारात्मक ऊर्जा संचार कर तनाव मुक्त करता है।

# स्वायत्त शासन मुख्यालय में धरने पर बैठे प्रदेशभर के निकायों के अफसर

**जयपुर**। राजस्थान के नगर निकायों के अधिकारी-कर्मचारियों ने बुधवार को स्वायत्त शासन मुख्यालय में धरना देकर विरोध जताया। आरएमएस अधिकारियों की मांग थी कि 73बी के तहत ने उचित संरक्षण और उनके डीपीसी जैसे जरूरी कामों को तत्काल शुरू किया जाये।

राजस्थान नगरपालिका प्रशासनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष धर्मपाल जाट ने कहा कि प्रशासन शहरों के संग अभियान में गलत पट्टे जारी होने की स्थिति में उसे निरस्त करने के लिए निकायों के अफसरों को अधिकार मिले हुए है, उसके बाद भी पुलिस एफआईआर और एसीबी के मुकदमे दर्ज करके अधिकारी-कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस कारण निकायों के अधिकारी-कर्मचारी पट्टे जारी करने से हिचकिचा रहे हैं। आरएमएस अधिकारियों का कहना था कि राज्य सरकार एक तरफ अधिक से अधिक पट्टे बांटने का दबाव बना रही है, दूसरी तरफ प्रदेश में हमें न्याय और उचित संरक्षण नहीं मिल रहा। ऐसे में अगर पट्टे जारी करने में यदि कोई गलती होती है तो प्राधिकृत अधिकारियों को अधिकार देने चाहिए, ना कि पुलिस और एसीबी के द्वारा अनावश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

## सार-समाचार

### रोबोट मशीन से साफ होगा सीवर मेनहॉल




**जयपुर** (कासं)। सीवर मेनहॉल की सफाई अब नगर निगम का कर्मचारी नहीं, बल्कि सीवर मेनहॉल डिसिल्टिंग रोबोट मशीन करेगी। नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर ने इस मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुर्जर ने बताया कि मैनुअल स्कैवेंजिंग को खत्म करने के लिए प्रायोगिक तौर पर यह मशीन ली गई है। इस मशीन की कीमत करीब 39.52 लाख रूपए है। मशीन में मेनहोल के अंदर देखने के लिए कैमरों की भी सुविधा है और मेनहोल की सफाई के लिए रोबोटिक आर्म है, जिसका नियंत्रण ऑपरेटर के पास रहता है। उन्होंने बताया कि मशीन के नियमित उपयोग को देखते हुए इसके संचालन का काम अनुबंध पर दिया गया है। इस अनुबंध पर 1 लाख 10 हजार रुपए हर महीने खर्च आएगा।

### टू-व्हीलर मैकेनिक एसो.का वार्षिकोत्सव




**जयपुर**। मानसरोवर टू व्हीलर मैकेनिक एसोसिएशन का सातवां वार्षिक उत्सव 13 सितम्बर को गुड्डू पैराडाइज मानसरोवर में मनाया गया। एसोसिएशन के सचिव शंकर सिंह ने बताया आज के वार्षिक उत्सव में 10 कंपनियों की स्टाल लगी। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक अशोक लाहोटी ने किया। कार्यक्रम में खेल मंत्री सतवीर चौधरी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कैलाश वर्मा बगरू, ज्ञानदेव आहूजा पूर्व विधायक रामगढ, सांगानेर विधानसभा से पुष्पेंद्र भारद्वाज, बीएल बैरवा, देवांशु बैरवा, मोहनलाल नगर निगम शंकर बाजोडो लिया राजस्थानी समाजसेवी मनोज पांडे, समंदर सिंह शेखावत ने सभी मैकेनिक भाइयों को संबोधित कर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने चूरमा दाल बाटी की प्रसादी ग्रहण की। एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेश शर्मा उपाध्यक्ष शमशेर खान संरक्षक राजू भाई कोषाध्यक्ष महेंद्र जीणवाल एवं समस्त कार्यकारिणी के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। मैकेनिक भाइयों के लिए एसोसिएशन की तरफ से 11 लकी ड्रॉ रखे गए प्रथम पुरस्कार विजेता दीक्षांत बुलेट रिपेयरिंग प्रशांत रहे।

### शंकराचार्य की धर्मसभा 20 को




**जयपुर**। सर्व समाज हिंदू महासभा जयपुर राजस्थान के तत्वाधान में 20 सितम्बर को सांय 5 बजे श्री गोविन्द देव जी मंदिर के प्रांगण में पूज्यपाद गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंदसरस्वती के सानिध्य में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है।जिसके संबंध में अग्रसेन बगीची (कंवर नगर) में हाथोज धाम के महाराज बालमुकुंद आचार्य के सानिध्य में मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक चंद्र प्रकाश भाडेवाले एवं पूर्व पार्षद अजय यादव ने बताया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में समाज के बंधुओं, मातृशक्ति, हिंदू संगठनों व्यापार मंडलों, मौहल्ला विकास समितियों और जयपुर की जनता को जोड़ा जाएगा। महाराज शंकराचार्य के आगमन पर शहर में पीले चावल बांटकर निमंत्रण दिया जाएगा। जगह-जगह ध्वज पताका और तोरण द्वार बनाए जायेंगे, बैंड बाजों के साथ महाराज का अभिवादन किया जाएगा।

### ट्रैक्टर के साथ दो चोर दबोचे

**जयपुर** (कासं)। राजधानी की सेज पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चुराया गया ट्रैक्टर बरामद किया है। थानाधिकारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि शातिर वाहन चोर पिन्टू उर्फ हेमराज योगी निवासी सूरवाल जिला सवाई माधोपुर और धर्मेन्द्र उर्फ मुन्ना लाल वर्मा निवासी रेहण जिला जालौन उत्तर प्रदेश हाल महिन्द्रा सेज जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित धर्मेन्द्र उर्फ मुन्ना लाल वर्मा शातिर वाहन चोर है, जिसके खिलाफ जयपुर सहित उत्तर प्रदेश में आपराधिक मामले दर्ज है। आरोपित पिन्टू उर्फ हेमराज महिन्द्रा सेज में परिवादी सूरजमल के ट्रैक्टर पर करीब 5-7 साल से ड्राइवरी का काम कर रहा था। महज पांच दिन पूर्व ही वह धर्मेन्द्र उर्फ मुन्ना लाल वर्मा के संपर्क में आया, जिसे धर्मेन्द्र ने ट्रैक्टर चोरी करने व आगरा की तरफ बेच अच्छी रकम दिलाने का झांसा दिया। 12 जुलाई को महिन्द्रा सेज चौराहे से पिन्टू योगी धर्मेन्द्र के साथ मिल स्वयं के पास रखी चाबी से ठेकेदार के पास खड़े ट्रैक्टर को चुरा ले गए। बाद में ट्रैक्टर चोरी और चाबी खोने की झूठी कहानी मुनीम को बता दी।

### अभिनेता राजीव कल जयपुर आएंगे

**जयपुर** (कासं)। जयपुर से निकलकर बॉलीवुड में अपना मुकाम हासिल करने वाले अभिनेता राजीव खंडेलवाल 16 सितंबर को जयपुर में होंगे। वे केशव नवनीत और प्रखर नवनीत द्वारा आयोजित खंडेलवाल वैश्य बंधु-2022 कार्यक्रम में बतौर सेलिब्रिटी मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। इस अवसर पर वे 21 खंडेलवाल प्रतिभाओं का सम्मान करेंगे। आयोजक भारती खंडेलवाल ने बताया कि खंडेलवाल वैश्य बंधु का यह लगातार 14वां अंक है। इसमें जयपुर समाज की 100 से अधिक खंडेलवाल प्रतिभाओं का साक्षात्कार कहानियों को प्रकाशित किया गया हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, विशेष अतिथि सांसद रामचरण बोहरा और अध्यक्षता पूर्व लोकायुक्त जस्टिस गोपाल लाल गुप्ता करेंगे। इस अवसर पर वे मैगजीन का लोकार्पण भी करेंगे। यह कार्यक्रम दुर्गापुरा स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान केंद्र के ऑडिटोरियम में दोपहर 2 बजे से होगा। गौरतलब है कि राजीव खंडेलवाल एक भारतीय सेनानी परिवार से ताल्लुक रखते है। उनके पिता वह भाई दोनों सेना में अपना योगदान दे चुके है। जो खुद आर्मी स्कूल से पढ़े है।

### डॉ. दीपा मीणा को अमेरिका में अवार्ड मिला

**जयपुर**, (कासं)। अमेरिका के पनामा शहर में आयोजित टेफिनेट ग्लोबल कांफ्रेंस में राजस्थान की डॉ. दीपा मीणा, आईडीएसपी निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने अवार्ड प्राप्त कर राजस्थान व भारत का नाम रोशन किया है। गत चार से नौ सितंबर तक आयोजित इस कांफ्रेंस में 64 देशों ने भाग लिया। इनमें भारत सरकार से चिकत्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 25 लोगों ने देश के विभिन्न राज्यों से भाग लिया। डॉ. दीपा मीणा स्टेट एपिडोमियोलोजिस्ट आईडीएसपी निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जयपुर से भी सम्मिलित हुई। डॉ. मीणा को नेशनल सेंटर फॉर डिजिज कंट्रोल नई दिल्ली द्वारा आयोजन में भाग लेने के लिए चयन किया था।